भारत सरकार
भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्रालय
भारी उद्योग विभाग

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 1513

जिसका उत्तर सोमवार, 02 दिसम्बर, 2019 को दिया जाना है

**हाइब्रिड/इलेक्ट्रिक प्रौद्योगिकी को बढ़ावा देने के लिए योजना**

**1513. श्री नारायण लाल पंचारिया:**

क्या भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने यातायात में हाइब्रिड/इलेक्ट्रिक प्रौद्योगिकी को बढ़ावा देने के लिए किसी योजना की शुरुआत की है ताकि जीवाश्म ईंधन पर निर्भरता को कम किया जा सके;

(ख) यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं;

(ग) ऐसी योजना के विभिन्न घटकों से संबंधित ब्यौरा क्या है; और

(घ) विगत दो वर्षों के दौरान की गई प्रगति और पूरे किए गए उद्देश्यों से संबंधित ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**
**भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्री**
**(श्री प्रकाश जावड़ेकर)**

**(क) और (ख):** जी, हाँ। जीवाश्म ईंधन पर निर्भरता को कम करने और वाहन संबंधी उत्सर्जन के मुद्दों का समाधान करने के उद्देश्य से इलेक्ट्रिक वाहनों के अंगीकरण को बढ़ावा देने के लिए सरकार ने दिनांक 01 अप्रैल, 2015 से 2 वर्षों के अवधि के लिए मार्च, 2015 में फेम इंडिया योजना के चरण-I को अनुमोदित किया। योजना के चरण-I को समय-समय पर बढ़ाया गया और अंतिम बढ़ोतरी दिनांक 31 मार्च, 2019 तक थी।

फेम इंडिया योजना के चरण-I के दौरान प्राप्त अनुभव और परिणाम के आधार पर और उद्योग एवं उद्योग संघों सहित सभी स्टेकहोल्डरों से परामर्श करने के बाद, सरकार ने दिनांक 08 मार्च, 2019 को फेम इंडिया के चरण-II को अधिसूचित किया जो ₹10,000 करोड़ की कुल बजटीय सहायता के साथ दिनांक 01 अप्रैल, 2019 से आरंभ होकर तीन वर्षों की अवधि के लिए है। यह चरण मुख्यतः सार्वजनिक और साझा परिवहन के विद्युतीकरण की सहायता करने पर केन्द्रीत होगा, और प्रोत्साहनों के माध्यम से लगभग 7000 ई-बसों, 5 लाख ई-तिपहियों, 55000 ई-चौपहिया यात्री कारों और 10 लाख ई-दुपहिया वाहनों की सहायता करने का लक्ष्य है। इसके अतिरिक्त, इलेक्ट्रिक वाहनों के उपयोगकर्ताओं के बीच अनेक उत्सुकताओं का समाधान करने के लिए चार्जिंग अवसंरचना के सृजन की भी सहायता की जाएगी।

**(ग)** फेम इंडिया योजना के चरण-II के विभिन्न घटक निम्नानुसार हैं:-

I. मांग प्रोत्साहन
II. चार्जिंग स्टेशनों के नेटवर्क की स्थापना
III. प्रचार, आईसीई (सूचना, शिक्षा एवं संचार) गतिविधियों सहित योजना का प्रशासन

**(घ):** योजना के आरंभ होने से अब तक फेम इंडिया योजना के चरण-I के तहत लगभग ₹359 करोड़ के मांग प्रोत्साहन देकर लगभग 2.8 लाख वाहनों और 425 ई-बसों की सहायता की गई है। इसके अतिरिक्त, इस चरण में 500 चार्जिंग स्टेशन भी मंजूर किए गए।

******